## महत्वपूर्ण एवं खास

### कार में ले जा रहे थे 25 किलो गांजा, दो गिरफ्तार

**महासमुंद (आरएनएस)।** सिंघोड़ा पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने एनएच-53 रेहटीखोल के पास घेराबंदी कर कार से 25 किलो गांजा जब्त कर तस्करी के आरोप में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर साइबर सेल व थाना की संयुक्त टीम ने रेहटीखोल के पास चेकिंग की, तभी कार सीजी 04 एचए 2686 बैरियर की ओर आते दिखी, जिसे रोककर तलाशी ली। इस दौरान टीम को 25 पैकेट यानी 25 किलो गांजा मिला। बाद टीम ने तस्करी के आरोप में कार चालक ग्राम अहिल्दा थाना कसडोल निवासी राजेश साहू (20) व ग्राम मेकरी निवासी राजाराम साहू (27) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध परिवहन के आरोप में कार बरामद कर ली है। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी संजय सिंह राजपूत, आरक्षक संदीप भोई, सुशांत बेहरा, चितरंजन प्रधान, डिग्री लाल नंद, त्रिनाथ प्रधान, हेमन्त नायक, देव कोसरिया, चंद्रमणि यादव आदि थे।

### नक्सलियों ने सारकेगुड़ा केम्प में तैनात जवानों का राशन लूटा

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से सिलगेर जा रही यात्री बस को 15 से 20 नक्सलियों द्वारा सारकेगुड़ा केम्प से एक किलोमीटर पहले रामपेटा के पास रोक कर सीआरपीएफ के जवानों के लिए जा रही आलू, प्याज और पनीर से भरी बोरी लूट कर अपने साथ ले गए। लंबे समय के बाद एक बार फिर से नक्सलियों द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। सारकेगुड़ा केम्प में तैनात जवानों के राशन को नक्सलियों द्वारा लूटे जाने की घटना का सूत्रों मिली खबर का अधिकारिक पुष्टि किसी ने नही किया है, यह कहा जा सकता है कि इसकी पुष्टि करना ही नही चाहते है।

### प्रदेश में आज एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में आज एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की भी संभावना है वहीं अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका हिमालय के तराई में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा दक्षिण-पश्चिम बिहार और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### सीधे दसवीं की परीक्षा में देगी सातवीं की छात्रा

**बालोद (आरएनएस)।** बालोद में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय में सातवीं कक्षा में पढऩे वाली छात्रा नरगिस अब सीधे दसवीं बोर्ड की परीक्षा देगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल और प्रदेश सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है। नरगिस खान विशेष अनुमति के तहत 10वीं की परीक्षा देगी। बता दें कि छात्रा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कक्षा दसवीं की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मांगी थी और बालोद दौरे के दौरान सीएम ने इसके लिए हामी भी भर दी थी। अब वैधानिक रूप से इसकी अनुमति मिल चुकी है। शिक्षकों ने बताया कि नरगिस लंच के समय अक्सर हमारे पास आती थी और 10वीं कक्षा के विषयों की पढ़ाई करती थी। स्कूल के शिक्षिकों के अनुसार नरगिस का आईक्यू लेवल बहुत अच्छा है। कक्षा सातवीं की छात्रा नरगिस ने बताया कि उसके सपनों को पूरा करने में उसके पिता ने पूरा सहयोग दिया। पिता ने उसकी प्रतिभा को पहचाना और ये फैसला लिया कि उनकी बच्ची सातवीं से सीधे दसवीं की परीक्षा दे।

# तिजहारिन माताओं बहनों का मायका बना मुख्यमंत्री निवास, पारंपरिक छत्तीसगढ़िया अंदाज में मना रहे उत्सव





**रायपुर (आरएनएस)।** तीन दिनों तक चलने वाले छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तीजा पोरा त्यौहार की शुरुआत हो चुकी है। बहन- बेटियां तीजा का त्यौहार मनाने के लिए अपने मायके का रुख कर रही हैं। माता, बहनों- बेटियों के स्वागत के लिए आज मुख्यमंत्री निवास में भी आकर्षक साज-सज्जा की गई है। पूरे प्रदेश से माताएं बहनें तीजा का उत्सव मनाने के लिए मुख्यमंत्री निवास में एकत्र हो रही हैं। आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का घर तिजहारिनों का मायका बन गया है।

तीज त्योहार के मौके पर मायके आने वाली बहन- बेटियों के चेहरे पर खुशी और संतोष की जो मुस्कान नजर आती है वही मुस्कान यहां हर महिला के चेहरे पर नजर आ रही है।

**साज सज्जा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक**

तीजा-पोरा तिहार के लिए पूरे मुख्यमंत्री निवास की पारम्परिक रूप में भव्य सजावट की गई है। मुख्य मंडप में प्रवेश के तीन द्वार बनाए गए हैं। मुख्य द्वार को पोरा पर्व के प्रतीक पारंपरिक नांदिया बैला से सजाया गया है। मुख्य द्वार के सामने पारम्परिक झूले- रईचुल, बैलगाड़ी, बस्तर जनजातीय आर्ट और छत्तीसगढ़ी जन-जीवन से जुड़े चित्रों का प्रदर्शन किया गया है। मध्य द्वार को पोरा पर्व से जुड़े पारम्परिक बर्तनों से बनाया गया है। मध्य और तीसरे द्वार के बीच की गैलरी को रंग-बिरंगे मटकों और रंगीन टोकनी के द्वारा आकर्षक कलेवर दिया गया है। तीसरे द्वार की सजावट पर सरगुजा अंचल की संस्कृति की छाप है।

**ग्रामीण परिवेश की झलक और खूबसूरत सेल्फी जोन**

मुख्य मंडल के पूर्वी हिस्से में छत्तीसगढ़ी ग्रामीण परिवेश को दर्शाते एक मिट्टी का घर बना है। इसकी साज-सज्जा में पोरा से जुड़े विभिन्न प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया है। घर के द्वार पर तुलसी चौरा और नन्दी बनाए गए हैं। यहां ग्रामीण जीवन मे उपयोग में आने वाले बर्तन व अन्य वस्तुओं जैसे पोरा, कढ़ाही, सुराही, बेलन-चौकी, ढकना, बाल्टी, चूल्हा आदि के मिट्टी के छोटे प्रतीकों सहित लकड़ी के नागर, बैलगाड़ी का चक्का और झाड़ रखे हैं। इस घर की खिडक़ी में भी सेल्फी ज़ोन बनाया गया है। घर के बगल में मंदिर बना है जहां रखे शिवलिंग की मुख्यमंत्री सहित वहां मौजूद महिलाओं ने पूजा-अर्चना की।

**हाथों में मेहंदी, पैर में माहुर और चेहरे पर मुस्कान**

मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री निवास में आई थी जीजा हरि माताओं बहनों ने यहां हाथों में मेहंदी सजाई और पैर में माहूर लगाया। जब बेटी अपने मायके आती है तो वह कुछ इसी तरह साज श्रृंगार कर तीजा के त्यौहार में शामिल होती है। इस दौरान उनके चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान खिली नजर आ रही थी जो इस पूरे माहौल को और भी खूबसूरत बना रही थी।

**भगवान शिव और नंदी बैल की पूजा**

त्योहार के लिए मुख्यमंत्री निवास को तिजहारिन महिलाओं का मायका बना दिया गया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने कांग्रेस की महिला सांसदों-विधायकों और पूरे प्रदेश से आई माताओं बहनों के साथ भगवान शिव, नंदी बैल और चुंकिया-पोरा की पूजा की और प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की।

**फुगड़ी-कबड्डी और जलेबी दौड़ का उत्साह**

तीजा-पोरा तिहार के मंडप में महिलाओं के बीच फुगड़ी जैसी प्रतियोगिताएं भी हुईं। इसमें महिलाओं के कई समूहों ने हिस्सा लिया। चम्मच दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़ की प्रतियोगिताओं ने प्रतिभागियों के साथ दर्शकों को भी खूब हंसाया।

## पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहे "एक्सटॉर्शन" के आरोपियों का न्यायालय ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**❑ छाल पुलिस ने तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर पेश किया न्यायालय**




**रायगढ़।** माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धरमजयगढ़ के न्यायालय से न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 233/2020 एवं थाना छाल के अपराध क्रमांक 116/2020 धारा 384, 34 आईपीसी की आरोपिया (1) अनीता गर्ग पति अनिल गर्ग उम्र 44 वर्ष निवासी कुडेकेला थाना छाल (2) कृष गर्ग उर्फ कान्हा पिता अनिल गर्ग उम्र 42 वर्ष निवासी कुड़ेकेला छाल (3) नेहरू लाल देवांगन पिता प्यारे लाल देवांगन उम्र 45 वर्ष निवासी चंद्रशेखर ऐडु थाना छाल को जारी गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक जितेंद्र एसैया द्वारा वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

वारंटियों के विरुद्ध उचित मूल्य दुकान चलाने वाले आवेदक नागेन्द्र कुमार गबेल, ग्राम धसकामुडा थाना छाल के द्वारा दिनांक 15.04.2020 को थाना छाल में इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत कररिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि अनीता गर्ग और नेहरू लाल देवांगन पत्रकार बताकर कृष गर्ग उर्फ कान्हा के साथ समाचार पत्रों में दुशप्रचार करने की धमकी देकर 10,500 रूपये की उगाही किया गया था। आवेदन पर थाना छाल में तीनों आरोपियों के विरूद्ध उपरोक्त कार्रवाई कर छाल पुलिस द्वारा चालान न्यायालय पेश किया गया है।

## नौकरी का झांसा देकर चार लाख की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** वन विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोइरडीह पिथौरा निवासी नरोत्तम बढ़ई 29 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि राजातालाब निवासी आरोपी सुंदर विश्वास ने वन विीाग में भृत्य के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर प्रार्थी से 4 लाख रुपए ले लिया। जब नौकरी नहीं लगवा पाया, तो प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा। आरोपी द्वारा पैसा नहीं देने पर प्रार्थी ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर झांसी भगाने वाला युवक गिरफ्तार

**❑ खरसिया पुलिस ने आरोपी को अपहरण, दुष्कर्म सहित पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**



**रायगढ़।** दिनांक 26.08.2022 की शाम थाना खरसिया में 17 वर्षीय किशोर बालिका के परिजन आकर बालिका के साथ पालू उर्फ सुखराम राठिया (22 साल) द्वारा शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने संबंधी आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। नाबालिग से दुष्कर्म की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा अपहरण, दुष्कर्म सहित पोक्सो एक्ट (धारा 363, 366, 376 IPC 4, 6 Pocso Act) का अपराध दर्ज कर रात में ही आरोपित युवक के ठिकानों पर दबिश दिया गया जिसे उसके गांव पास पकड़कर थाने लाया गया। खरसिया थाना प्रभारी द्वारा 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर संगीन धाराओं में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़ित बालिका से पूछताछ किये जाने पर बालिका बताई कि पालू उर्फ सुखराम राठिया प्रेम करता हूं, शादी करूंगा कहकर दिनांक 27.12.2021 को बहला फुसलाकर चंद्रहासिनी मंदिर ले गया, जहां सिंदुर लगाकर शादी करने का आश्वासन देकर अपने परिचित के यहां ले गया , जहां शारीरिक संबंध बनाया। उसके दो-तीन दिन बाद सुखराम राठिया ट्रेन से झांसी ले गया। रेल्वे स्टेशन पर जीआरपी दोनों को देखकर परिजनों को सूचना दिये। तब दोनों को परिजन वापस लेकर आये । लोक लाज के कारण परिजन थाने में रिपोर्ट नहीं दर्ज करा रहे थे। अंतत: आरोपी पालू उर्फ सुखराम राठिया पर कार्यवाही के लिये दिये गये आवेदन पर खरसिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम, सहायक उप निरीक्षक हेमंत कश्यप, आरक्षक विशोप सिंह, प्रदीप तिवारी, मुकेश यादव एवं हीरामणी पाटले की अहम भूमिका रही है।

## राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्ति की ओर अग्रसर "थाना भूपदेवपुर"

**❑ गुमशुदा व्यक्ति, अज्ञात शवों, संपत्ति अपराधों के साथ महिलाओं और कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराधों के निपटारन में रहा आगे**



**रायगढ़।** जिले का भूपदेवपुर थाना जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने वाला है। जैसा कि विदित है गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 से प्रत्येक वर्ष देश के लगभग 16 हज़ार थानों में 10 सर्वश्रेष्ठ थानों के नाम की घोषणा किया जा रहा है। गृह मंत्रालय की इस रैंकिंग में थानों का चयन दो चरणों में किया जाता है। प्रथम चरण में CCTNS पोर्टल पर उपलब्ध डाटा के आधार पर प्रत्येक बड़े राज्यों (ऐसे राज्य जहाँ कुल थानों की संख्या 750 या अधिक है) से 3, प्रत्येक छोटे राज्यों (ऐसे राज्य जहाँ कुल थानों की संख्या 750 से कम है) से 2 एवं प्रत्येक केंद्र शासित प्रदेशों से 1 थानों का चयन हुआ। चयन का मानदंड महिलाओं के खिलाफ अपराध, कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराध, संपत्ति अपराध, गुमशुदा व्यक्ति, अज्ञात व्यक्ति और अज्ञात मिले शवों के मामलों से निपटने पर आधारित था।

छत्तीसगढ़ राज्य में जिन दो थानों का चयन हुआ है उनमें थाना भूपदेवपुर, जिला रायगढ़ और अभनपुर थाना, जिला रायपुर शामिल है। पिछले वर्ष की भांति, इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन एवं रैंकिंग का कार्यभार ट्रांसरूरल कंसल्टिंग (TRUAGRICO) कंपनी जिसका मुख्यालय बरौनी, बिहार है, को गृह मंत्रालय द्वारा सौंपा गया है। रायगढ़ में द्वितीय चरण के मूल्यांकन की प्रक्रिया ट्रांसरुरल के नियुक्त किये गए कंसलटेंट टीम द्वारा आज दिनांक 27.08.222 को थाना भूपदेवपुर का भ्रमण कर संपूर्ण किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक अमित शुक्ला एवं स्टाफ मौजूद थे। देशभर में मूल्यांकन का कार्य संपूर्ण करने के उपरांत TRUAGRICO देश के 10 सर्वश्रेष्ठ थानों की सूची गृह मंत्रालय को सौंपेगा जिसकी घोषणा भारत सरकार द्वारा नवंबर माह में की जा सकती है।

## लंपी स्किन रोग से मवेशियों को बचाने एक लाख वैक्सीन हैदराबाद से मंगाया गया



**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर जिले के मवेशियों में लंपी स्किन रोग के लक्षण अब तक नजर नहीं आया है, बावजूद इसके मवेशियों को इस बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में इसके लिए पर्याप्त दवाएं उपलब्ध होने का दावा पशु चिकित्सा विभाग कर रहा है, इसके लिए हैदराबाद से एक लाख वैक्सीनेशन मंगाया गया है। पशुओं में लम्पी वायरस से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने सावधानी बरतते हुए आगमी आदेश तक बस्तर में लगने वाले सभी पशु बाजार पर प्रतिबंध लगाया है। पशु चिकित्सा सेवाएं बस्तर जिले के संयुक्त संचालक डॉ. डीके नेताम ने बताया कि जिले के हर ब्लॉक में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध कराया गया है। साथ ही हैदराबाद से एक लाख वैक्सीन का आर्डर दिया गया, जो शीघ्र जिले में पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि लंपी स्किन रोग विषाणु जनित गोवंशियो में होने वाला रोग है, यह कैपरी पॉक्स नामक विषाणु से होता है। रोग का फैलाव मच्छर, मक्खी, जूं इत्यादी परजीवियों के पशुओं को काटने से होता है। यह संक्रामक रोग है, जो बीमार पशुओं से स्वस्थ पशुओं में तेजी से फैलता है, एवं पशुओं के दुग्ध उत्पादन क्षमता को प्रभावित करता है। गर्भवती गायों का गर्भपात करा देता है, एवं पशुओं के प्रजनन क्षमता को भी प्रभावित करता है।

## कृषक मवेशियों को बूचड़खाने ले जा रहा मवेशी तस्कर गिरफ्तार, डोंगरीपाली पुलिस की कार्यवाई

**❑ आरोपी के चंगुल से 19 मवेशी को कराया गया मुक्त**



**रायगढ़।** डोंगरीपाली पुलिस द्वारा दिनांक 26.08.2022 को मुखबिर सूचना पर एक मवेशी तस्कर को ओड़िशा रोड़ पर मवेशियों को क्रूरतापूर्वक हांकते-मारते हुए कत्लखाने लेकर जाने की सूचना पर पकड़ा गया जिसके कब्जे से 19 नग मवेशियों को मुक्त कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कल दिनांक 26.08.2022 के सुबह पेट्रोलिंग दौरान थाना प्रभारी डोंगरीपाली उप निरीक्षक ए.के. बेक को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति करीबन 18-19 की संख्या में कृषि पशुओं को बरमकेला ओड़िशा मार्ग में क्रूरतापूर्वक पैदल हांकते हुए वध करने के लिए ओड़िशा ले जा रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी दो गवाह और अपने हमराह स्टाफ के साथ पशु तस्कर को पकड़ने बरमकेला ओड़िशा मार्ग में जीरा नाला के पास नाकेबंदी कर एक व्यक्ति को 19 नग मवेशी के साथ पकड़े जिसे नाम, पता पूछने पर अपना नाम टिकेश्वर वसंत पिता रामगोपाल वसंत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पिडरी थाना सारंगढ़ जिला रायगढ़ बतलाया। संदेही टिकेश्वर वसंत को गवाहों के समक्ष मवेशी ले जाने के संबंध में नोटिस दिया गया जो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया और मवेशी को वध के लिए ओड़िशा बूचड़खाने लेकर जाना बताया। गवाहों के समक्ष पंचनमा तैयार कर आरोपी के खिलाफ छ.ग. कृषि परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 क तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 19 नग कृषि पशु जप्त कर गौठन में रखवाया गया है। थाना प्रभारी डोंगरीपाली उप निरीक्षक ए.के. बेक के साथ कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक राम कुमार मानिकपुरी तथा आरक्षक किरण यादव शामिल थे।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के बूढ़ातालाब प्रोजेक्ट को मिला स्मार्ट प्रोजेक्ट अवार्ड

**❑ मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के सीओओ उज्ज्वल पोरवाल ने लिया अवार्ड**




**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा बूढ़ातालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर के सौंदर्यीकरण और आर्थिक गतिविधियों के संचालन व आम लोगों के आमोद-प्रमोद के लिए सुरक्षित, सुरम्य स्थल तैयार करने हेतु किए गए कार्य को स्मार्ट प्रोजेक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल ने आज मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में यह अवार्ड प्राप्त किया। इस समारोह का आयोजन स्मार्ट सिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किया गया, जिसका मुख्यालय अमेरिका के वाशिंगटन शहर में है। स्मार्ट अर्बनेशन-2022 के अंतर्गत देश के 33 स्मार्ट सिटी ने इस अवार्ड हेतु अपने प्रोजेक्ट्स का नॉमिनेशन किया था, जिसमें रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के बूढ़ातालाब प्रोजेक्ट को अवार्ड प्रदान किया गया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक श्री मयंक चतुर्वेदी के अनुसार रायपुर के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब में सौंदर्यीकरण कार्य के साथ ही स्थानीय लोगों के लिए आर्थिक अवसर प्रदान करने व आम लोगों के लिए रूचिकर स्थान सुलभ कराने, इस तालाब के पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने ठोस योजना तैयार कर कार्य शुरू किया गया। आम लोगों के मनोरंजन के लिए इस सरोवर में म्यूजिकल व टनल फाउंटेन, आकर्षक रोशनी के साथ सरोवर के चारों ओर लैंड स्कैपिंग की गई है, साथ ही बच्चों के लिए उपयुक्त क्रीडा स्थल भी तैयार किया गया है। इस योजना के प्रथम चरण के पूरा होने बाद अब सप्ताहांत में औसतन लगभग 4 हजार लोग इस आकर्षक स्थल में परिवार सहित भ्रमण के लिए पहुंचते हैं।

अवार्ड के चयन हेतु गठित ज्यूरी ने इस प्रोजेक्ट को आम लोगों के बेहतर जीवन स्तर और स्थानीय लोगों के आर्थिक अवसरों को बढ़ाने के लिए उपयोगी माना। इस ज्यूरी में आईटी कानपुर और एनआईयूए के विशेषज्ञ प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 28.1 हेक्टेयर जलीय क्षेत्र को विकसित किया गया है, साथ ही 1400 वर्ग मीटर क्षेत्र में वेंडिंग जोन व 700 वर्ग मीटर में फ्लोटिंग डेक विकसित किया गया है। इस क्षेत्र को हरीतिमा युक्त बनाए रखने पौधे भी रोपित किए गए है।

इस प्रोजेक्ट अवार्ड में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मैनेजर सिविल राकेश गुप्ता, मैनेजर इलेक्ट्रिकल कमलेश वर्मा, डिप्टी मैनेजर सिविल राजेश राठौर, डिप्टी मैनेजर इलेक्ट्रिकल संदीप शर्मा, असिस्टेंट मैनेजर नेहा पटेल, एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट विकास श्रीवास्तव, ई.वाई. की सुश्री प्रियंका की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480